कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला–गरियाबंद (छ.ग.)

Email ID - (1) snsgbd@gmail.com, (2) deo-gariyaband.cg@nic.in

क्रमांक / २४२ / कले. / निर्वा. / 2015 गरियाबंद, दिनांक 30 / 03 / 2015

//नियुक्ति हेतु नियम/शर्तें एवं आवेदन पत्र का प्रारूप//

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा अपने पत्र क्र. 27/स्था./2014/12995 दिनांक 19.11.2014 द्वारा स्वीकृत पदों पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय के लिए निम्नानुसार पदों पर भर्ती हेतु **दिनांक 20.04.2015 शाम 5.30 बजे** तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

क्र.	पद का नाम	कुल स्वीकृत पदों की संख्या	पदों का विवरण				वेतनमान
			अनारक्षित	अनु.ज.जा.	अनु.जाति	अ.पि.व.	
1	सहायक प्रोग्रामर (जिला निर्वाचन कार्यालय के लिए) (नियमित)	01	01	–	–	–	9300–34800+ 4300 ग्रेड
2	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (नियमित)	03	01	01	–	01	5200–20200+ 2400 ग्रेड
3	डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (संविदा 06 माह के लिए)	02	01	01	–	–	10670/– एक मुश्त

नियुक्ति प्राधिकारी :–

सभी पद जिला केडर के होने के कारण उनकी नियुक्ति जिला स्तर पर किया जाना है। अतः सभी पदों के लिए नियुक्ति कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, गरियाबंद द्वारा की जावेगी।

शैक्षणिक योग्यता/वेतनमान/तकनीकी अर्हताएं :–

1) सहायक प्रोग्रामर (01 पद) (नियमित) :–

(अ) सेवा श्रेणी – तृतीय श्रेणी

(ब) वेतनमान – 9300–34800+ 4300 ग्रेड पे

(क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर साईंस/आई.टी./बी.ई./बी.टेक./एम.सी.ए. कम से कम 60 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होना चाहिए।

2) डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (नियमित 03 पद) :–

(अ) सेवा श्रेणी – तृतीय श्रेणी

(ब) वेतनमान – 5200–20200+ 2400 गेड पे

(क) मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,

अथवा

पुराना हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

अथवा

कक्षा 10 वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।

(ख) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा तथा हिन्दी व अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री की गति 8000 की डिप्रेशन (key depression) प्रतिघंटा की गति। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी।)

3) <u>डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (संविदा – 02 पद छह माह के लिए)</u> :–

(अ) सेवा श्रेणी – तृतीय श्रेणी

(ब) वेतनमान – 10670/– एक मुश्त

(क) मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,

अथवा

पुराना हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

अथवा

कक्षा 10 वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा।

(ख) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा तथा हिन्दी व अंग्रेजी में डाटा एन्ट्री की गति 8000 की डिप्रेशन (key depression) प्रतिघंटा की गति। (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी।)

<u>नियम व शर्ते</u> :–

1. सामान्यतः उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 01.01.2015 की स्थिति में 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं को उम्र से संबंधी छूट शासन के निर्देशानुसार मान्य होगी, परन्तु किसी भी स्थिति में सभी छूट मिलाकर 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
2. वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंक सूची की स्व–प्रमाणित सत्यप्रतिलिपि सहित उम्मीदवार का आवेदन दिनांक 20.04.2015 को कार्यालयीन समय शाम 5.30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से **कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, गरियाबंद** में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए।
3. आवेदन पत्र के साथ प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किये गये छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। चूंकि उपरोक्त पद जिला केडर के होने के कारण गरियाबंद जिले के आवेदक को प्राथमिकता दिया जावेगा।
4. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण–पत्र व दिनांक लेख करना तथा प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
5. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी। ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जायेंगें।
6. नियुक्ति हेतु सिफारिश कराने वाले, किसी भी प्रकार का दबाव डलवाने वाले आवेदक का आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
7. उपरोक्त वांछित अर्हता न रखने वाले उम्मीदवार आवेदन न करें।
8. आवेदन निर्धारित प्रारूप में ही होना चाहिए अन्यथा अमान्य कर दिया जायेगा।
9. लिफाफे के उपर पद का नाम एवं आवेदक का नाम व पता अवश्य लिखें। अलग–अलग पद हेतु अलग–अलग आवेदन प्रस्तुत करें।
10. जन्मतिथि दर्शाने वाली शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
11. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण–पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

12. आवेदक आवेदन–पत्र के साथ 1 लिफाफा अपने नाम एवं पूर्ण पता अंकित कर एवं आवश्यक डाक टिकिट चस्पा कर आवेदन–पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करें व लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम अवश्य लिखें।

13. सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्ते) नियम 1961 के नियम 5 एवं 6 की पात्रता/अर्हतायें लागू होंगी।

14. सहायक प्रोग्रामर/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के अंकसूची एवं अनुभव के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी। **जिला निर्वाचन कार्यालय में कार्यरत/कार्य कर चुके कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जावेगी। कम से कम 01 वर्ष का निर्वाचन कार्य का अनुभव होना चाहिए।**

15. छह माह के लिए संविदा पद पर नियुक्ति की तिथि से छह माह पश्चात स्वयमेव सेवा समाप्त हो जावेगी। इसके लिए पृथक से कोई आदेश जारी नहीं किया जावेगा तथा किसी प्रकार के अभ्यावेदन/आवेदन ग्राहय नहीं होगे।

16. आवेदक के समस्त आवश्यक प्रमाण–पत्र जीवित एवं वैध होना अनिवार्य है। आवेदन भरते समय आवश्यक सावधानी बरतें। आवेदन पत्र कार्यालय में जमा होने के बाद अभ्यर्थी द्वारा जन्मतिथि एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन मान्य नहीं होगा।

17. चयनित उम्मीदवारों को कार्यभार ग्रहण करते समय प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

18. आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक निर्धारित सभी योग्यताएं पूर्ण होनी चाहिए। उसके पश्चात् प्राप्त की गई कोई भी योग्यता को मान्य नहीं किया जावेगा।

19. शासन के निर्देशानुसार दिनांक 26 जनवरी 2001 के पश्चात आवेदक के तीन जीवित संतान से अधिक संतान होने पर अपात्र माना जावेगा।

20. आवेदकों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

21. किसी भी विवाद/आपत्ति में अंतिम निर्णय जिला कलेक्टर का होगा।

22. आवेदन प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी रोजगार एवं नियोजन के 8 अप्रेल 2014 के अंक में तथा www.cgstate.gov.in वेबसाईट में देख सकते हैं।

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
गरियाबंद (छ.ग.)

पृ.क्र./282-A/कले./निर्वा./2015 गरियाबंद, दिनांक 30/03/2015

प्रतिलिपि :–

सहायक संचालक, जिला जनसम्पर्क कार्यालय गरियाबंद को सूचनार्थ एवं समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
गरियाबंद (छ.ग.)

आवेदन पत्र का प्रारूप

सहायक प्रोग्रामर/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (संविदा) के पद हेतु आवेदन पत्र

प्रति,

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी,
गरियाबंद, (छ.ग.)

स्वप्रमाणित फोटो

1. आवेदित पद का नाम :– .....
2. आवेदक का पूरा नाम :– .....
3. पिता/पति का नाम :– .....
4. पत्र व्यवहार का पता :– .....
   .....
   .....
5. स्थायी पता :– .....
   .....
   .....
6. जन्मतिथि अंकों में :– दिन ..... माह ..... वर्ष .....
   शब्दों में :– .....
7. लिंग (महिला/पुरूष) :– .....
8. उम्र (01.01.2015 की स्थिति में) :– .....
9. जाति (अजा/अजजा/अपिव/अना. का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें) :– .....
10. क्या आप छ.ग. के मूल निवासी हैं :– .....
11. निवासी जिले का नाम :– .....
12. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयनक्रमांक एवं दिनांक :– .....
13. शैक्षणिक योग्यता :–

क्र.	परीक्षा का नाम	विषय	परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष	बोर्ड/वि.वि. का नाम	पूर्णांक	प्राप्तांक	प्रतिशत

14. शासकीय/अर्द्ध शासकीय कार्य अनुभव (नियोक्ता का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– .....

क्र	पद	संस्थान	अवधि	अनुभव का विवरण

15. क्या उम्मीदवार विवाहित है (हां/नहीं) :– .....

16. यदि विवाहित हैं तो विवाह की तिथि :– .....

17. जीवित बच्चों की संख्या :– .....

18. क्या आप निःशक्तजन हैं (प्रमाणपत्र संलग्न करें) :– .....

19. क्या आप भूतपूर्व सैनिक हैं (प्रमाणपत्र संलग्न करें) :– .....

20. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची जो स्वयं द्वारा सत्यापित हो :–

1. 2.

3. 4.

5. 6.

7. 8.

9. 10.

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर

नाम .....

पता .....

//घोषणा पत्र//

मैं प्रमाणित करता/करती हूं कि उपर वर्णित जानकारी पूर्णतः सत्य है। कोई भी जानकारी असत्य पाये जाने की स्थिति में मेरा/मेरी चयन निरस्त करने का अधिकार चयन समिति को होगा जो मुझे मान्य होगा।

स्थान :– .....

दिनांक :– .....

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर

नाम .....

पता .....